तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 3 नवंबर 2024

12 ईशर-गवरा पूजन कार्यक्रम में शरीक हुए बसना विधायक



11 किसानों ने खिलाए मवेशियों को खिचड़ी

भाई दूज व तुलसी पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं...
34 वर्षों से नगर का विश्वसनीय संस्थान हॉलमार्क वाले लेटेस्ट डिजाइन के आभूषण
कैलाश ज्वेलर्स
जेवर बहु के लिए हो या बेटी के लिए
शानदार डिजाईन, नया कलेक्शन... अवश्य पधारे...
बढ़ती महंगाई के इस दौर में लाईटवेट ज्वैलरी की विशाल रेंज उपलब्ध
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हॉलमार्किंग ज्वेलरी 100% वापसी के साथ
सदर रोड, बलौदाबाजार, मो. 99266 44577
कैलाश सोनी

खबर संक्षेप

कवियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

बिलाईगढ़। रानीगढ़ ने एक बार फिर से अपने साहित्यिक रंगों से गांव को महका दिया, जब यहां एक भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अद्भुत संध्या ने ग्रामवासियों को हंसी और आनंद के समुंदर में डुबो दिया, जहां कवियों ने अपनी रचनाओं से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। शुरुआत के साथ ही मंच पर उपस्थित कवियों की तिकड़ी— मीर अली मीर, शशिभूषण स्नेही, संतोषी श्रद्धा, शरद यादव अक्स, कृष्णा भारती, कमलेश यादव एवं रामानन्द त्रिपाठी ने अपनी विशेष शैली में रचनाएं प्रस्तुत की। शशिभूषण ने अपने चुटीले व्यंग्य से दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर दिया, जबकि संतोषी श्रद्धा की गीत, गजल एवं कविताएं रिश्तों की पेचीदगियों पर आधारित थीं, जिन्होंने सबको एक गहरे सोच में डाल दिया। मीर अली मीर एवं शरद यादव अक्स ने अपने अद्भुत हास्य के साथ ही एक गहरा संदेश भी दिया, जिससे हंसी के साथ–साथ प्रेरणा भी मिली। कार्यक्रम का संचालन हास्य व्यंग्यकार शशिभूषण स्नेही द्वारा किया गया।

युवक से मारपीट

महासमुंद। युवक के साथ चार लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम खट्टी का राहुल जांगड़े 31 अक्टूबर को अपने दोस्त धनंजय मिरी पिता दिलीप मिरी, मनीष चतुर्वेदी पिता मनहरण चतुर्वेदी के साथ लगभग 10 बजे लीला चौरा के पास गांव में घूमने के लिए निकले थे। खल्लारी माता मंदिर इमली चौरा के पास पहुंचे थे कि वहां पर पहले से मौजूद गनपत निषाद, मोगली देवांगन, सूरज निषाद और नीलकंठ निषाद ने गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का, बांस के डंडे से मारपीट किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

महिला के साथ पति ने की मारपीट

महासमुंद। ग्राम बुंदेली में एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट की। पुलिस ने बताया कि ग्राम बुन्देली नवाडीह की शांति चौहान 31 अक्टूबर को दीपावली का त्योहार होने से मोहल्ले में गौरा गौरी का मूर्ति बिठाने के दौरान पूजा करने गई थी। गौरा गौरी की पूजा अर्चना करने के बाद करीबन 12 बजे अपने घर आई। इस पर उसके पति बीरसिंग चौहान द्वारा अभी घर आ रही है कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

महुआ शराब जब्त

बसना। साल्हेझरिया से अखराभांठा टुकडा रोड किनारे पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। बसना पुलिस ने बताया कि आरोपी कमलेश भारद्वाज (26) निवासी अखराभांठा टुकडा के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है।

पर्व : अंचल में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली का पर्व

पटाखों से रंगीन हुआ आसमान, देर रात तक गूंजती रही आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

अंचल में प्रकाश पर्व दीपावली गुरुवार को पारंपरिक श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों को दीपों एवं झालरों से सजा कर और पटाखे चलाकर तथा मित्रों एवं रिश्तेदारों में मिठाइयां बांट कर परस्पर खुशियां मनाई। कसडोल नगर के बाजार में देर रात तक लोग खरीददारी करते नज़र आये। कपड़ा, मिठाई, सजावटी सामान और पटाखों की दुकानों पर लोगों की खासी भीड़ देखी गई।

पटाखों की दुकानों पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। त्योहार को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर भीड़ भाड़ और सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये हैं।

थानांतर्गत भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिये माकूल इंतजाम किये गये हैं। साथ ही किसी अप्रिय घटना के मद्देनजर संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी और अधिकारियों को कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये तैनात किया गया था।



दीपावली पर रंगोली रही आकर्षण का केंद्र

दीप पर्व पर बच्चों और महिलाओं ने अपने घरों को स्वच्छ कर घर के सामने तरह-तरह की रंगोली बनाकर सजाते देखे गए। ऐसे तो दीपावली को लेकर लोग इस वर्ष करीब 15 दिन पहले से ही काफी उत्साहित थे। लोग अपने अपने घरों की रंगाई पुताई में लगे हुए थे। वहीं कपड़े आदि आवश्यकता की वस्तुएं भी लोग खरीद रहे थे, लेकिन जैसे-जैसे त्यौहार नजदीक आते गया बाजार में रौनकता दिखाई देने लगी और लोग कपड़े, गहने, बर्तन, टी वी, आलमारी, कूलर आदि आवश्यकता की चीजें खरीदते नजर आए, जिससे व्यापारीगण भी काफी खुश थे। अंतिम दिन माता-लक्ष्मी, गणेश और कुबेर के लिए फुल माला और मिठाई खरीद कर पूजा अर्चना कर धन एवं सुख समृद्धि की कामना कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई।

शांति पूर्वक मना त्योहार

दीपावली के मौके पर शांति पूर्वक विकासखंड अन्तर्गत त्योहार मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्र में भी जमकर आतिशबाजी हुई, जिसमें लोगों ने खूब आंनद उठाया। दीपावली पर पटाखों की भरमार देर रात तक रही। आसमान में रोशनी का नजारा देखा गया। बच्चे बड़े सभी लोगों ने पटाखे फोड़कर दीवाली मनायी। ग्रामीण क्षेत्र में कही भी कोई अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला है।

पूर्व मंत्री डॉ. बांधी बने संगठन चुनाव अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा आगामी संगठन पर्व में होने वाले निर्वाचन प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के लिए पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी को संगठन चुनाव अधिकारी बनाया गया है। डॉ. बांधी ने जिले में मंडल चुनाव अधिकारी और सहयोगी की घोषणा की है जो तत्काल प्रभावशील होगी। इनके निर्देशन में मंडल चुनाव होना है और वे अपने–अपने मंडल चुनाव के संगठनात्मक निर्वाचन को मूर्त रूप देंगे। उक्ताशय की जानकारी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव ने दी। मंडलवार चुनाव अधिकारी एवं सहयोगी के नाम में बया से–सुरेंद्र टिकरिहा, पुनीत नायक, टूंड्रा–टेसूलाल धुरंधर, सत्यभामा साहू,

▶▶ शेष पेज 11 पर

राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई गई सत्य और निष्ठा की शपथ

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती
राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर
एकता दौड़
भरत देवांगन शा. उच्च. माध्य. विद्यालय, खरोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में किया गया।

विद्यालय प्रभारी प्राचार्य हरीश देवांगन ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी गई। शपथ के उपरांत राष्ट्रीय एकता दौड़ का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपप्राचार्य हरीश देवांगन, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्काउट गाइड प्रभारी शाहिना परवीन, अमर बर्मन, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवी, स्काउट गाइड के छात्र–छात्राएं प्रदीप बांधे, तनु धीवर, भावना मानिकपुरी, ममता साहू, शीतल, चित्ररेखा, शालिनी, साक्षी, नम्रता, हीना वर्मा, भाविका, रोशन, लीशा आदि उपस्थित थे।

चलित थाना में ऑनलाइन और साइबर फ्रॉड से बचने ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुजूर के नेतृत्व में ग्राम सालिया घाट में चलित थाना का आयोजन किया गया। चलित थाना में बीडीसी, ग्राम सरपंच, पंच, कोटवार, महिला समूह, वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थित रही, जिन्हें ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर फ्रॉड जागरूकता अभियान के तहत डायल 1930 के उपयोगिता के बारे में समझाया गया। यातायात 18 वर्ष से कम आयु के लड़कों को मोटरसाइकिल नहीं चलाने, शराब पीकर वाहन न चलान, हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चलाने, मार्ग पर सही साइड रॉन्ग साइड का पहचान करना, ड्राइवरी लाइसेंस का होना जरूरी इत्यादि के बारे में एवं महिलाओं से संबंधित अपराध की जानकारी दी गई और महिलाओं को अभिव्यक्ति एप्प की जानकारी दी गई, जिसमें महिलाएं अपनी गोपनीय शिकायतें पुलिस तक सीधे पहुंचा सकती है। फेसबुक प्राइवेसी सेटिंग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। पहले ओटीपी पूछ कर ठगी करने की शिकायतें ज्यादा आती थी, लेकिन वर्तमान

▶▶ शेष पेज 11 पर

लक्ष्मी–गणेश का पूजन कर मांगा सुख–समृद्धि का आशीर्वाद

ग्रामीण अंचल में हुई गौरा-गौरी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रवान

शनिवार को दीपावली पर्व पर ग्रामीण अंचलों में गौरा–गौरी की पूजा अर्चना की गई। गोड़ समाज द्वारा गौरा–गौरी की प्रतिमा तैयार की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गौरा–गौरी पूजन का कार्यक्रम देर रात्रि तक चला रहा तथा विसर्जन दूसरे दिन सुबह किया गया एवं गोवर्धन पूजन हर्षोल्लास के साथ मनाया। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं अपने घरों में गाय के गोबर से भगवान गोवर्धन महाराज की आकृति बनाई गई। देर रात परिवार के साथ सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर परिक्रमा की गई। साथ ही परिवार की सुख समृद्धि और शांति के लिए कामना की गई।

भाई दूज रविवार को ग्रामीण अंचल में गांव–गांव कस्बों–कस्बों में पारंपरिक रूप में मनाया जायेगा। शाम ढलते ही आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। दिपावली पर रंग–बिरंगी आतिशबाजी से आसमान रोशनी से जगमगा उठा और पटाखों की गूंज ने त्योहार का मजा दोगुना कर दिया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासनिक टीम भी पूरी तरह तैनात रही। दीवाली के त्योहार के चलते हिरमी के बाजारों में खासा उत्साह देखने को मिला। बालाजी काम्प्लेक्स, बाजार चौक से लेकर गुरु घासीदास काम्पलेक्स हर तरफ बाजार में लोगों की भीड़ जुटी रही।

नगर में रही गौरा-गौरी उत्सव की धूम

खरोरा। नगर में गौरा गौरी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गौरा गौरी भगवान शिव और माता पार्वती का प्रतीक हैं। छत्तीसगढ़ की पुरानी परंपराओं में से एक इस परंपरा का निर्वाह क्षेत्रवासियों द्वारा सदियों से किया जा रहा है। दीपावली की रात से इसका आयोजन होता है, दीपावली के अगले दिन भक्तों द्वारा इसका आयोजन किया गया, परंपरा अनुसार गौरा-गौरी का विवाह किया गया। सुबह गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं द्वारा सिर पर कलश और गौरा गोरी लेकर शोभायात्र में चलते रहे। हाथों में सोटा खाने की परंपरा का निर्वाह किया।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप

उप राष्ट्रपति धनखड़ को उप मुख्यमंत्री साव ने राज्योत्सव के समापन का दिया आमंत्रण

रायपुर। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने अपने एक दिवसीय नई दिल्ली प्रवास के दौरान देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भेंट की। उन्होंने राज्य शासन की ओर से उप राष्ट्रपति को राज्योत्सव के समापन एवं राज्य अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। नया रायपुर, अटल नगर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का समापन एवं राज्य अलंकरण समारोह 6 नवम्बर को होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा आगामी 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक नया रायपुर, अटल नगर में तीन दिवसीय भव्य राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तीनों दिन शाम को सांस्कृतिक आयोजन भी होंगे।

मराठा युवा समाज ने धूमधाम से मनाया धनत्रयोदशी

रायपुर। मराठा युवा समाज के सदस्यों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने दीप जलाकर धनत्रयोदशी को धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों के साथ-साथ महिलाओं और युवक-युवतियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही धन त्रयोदशी के पावन अवसर पर 'एक दीया दैवत' के नाम का आयोजन किया गया, जिसमें मराठा समाज के सदस्यों से आव्हान करने पर परिवार के एक सदस्य के नाम से एक घृत दीया लाकर छत्रपति शिवाजी महाराज को अर्पित किया। इस मौके पर मराठा युवा समाज अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताता कि, मराठा युवा समाज ने अपने दैवत छत्रपति शिवाजी महाराज के सामने दीप जलाकर संस्कार व संस्कृति से नई पीढ़ी को जोडने का प्रयास किया है। इस कार्यक्रम में महेंद्र घाटगे, उषा पवार, मनीष भोंसले, नीरज इंग्ले, राहुल डुकरे, सौरभ बाकरे, शिशिर सुरोषे, संजू राव, सुमीत ढिगे, अभिजीत जाचक आदि शामिल थे। हर्ष, हिमांशु इंग्ले, रितिक राव, गणेशा जाधव, भूमिका इंग्ले, प्रांजल भोंसले

एफआईआर की मांग को लेकर सर्व ब्राहमण समाज ने राज्यपाल को दिया ज्ञापन

रायपुर। कलेक्ट्रेट राजस्व शाखा में पदस्थ क्लर्क प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या मामले में प्राप्त सुसाइडल नोट में अंकित मौत के लिए जिम्मेदार एडीएम स्तर के तीन अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर की मांग को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज ने राजभवन में बुधवार को कंट्रोलर से मिलकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। इस मौके पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि, अधिकारियों ने 'ब्राह्मण को भगाओ' जैसे जाति सूचक असंवैधानिक भाषा का प्रयोग कर प्रताड़ित किया है। उपाध्याय द्वारा कलेक्टर को तीन बार की गई शिकायत को अनदेखा किया गया। झूठी शिकायत कर उपाध्याय का ट्रांसफर खरोरा कर दिया गया, जिसके चलते आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ा। समाज के उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में मांग की कि अधिकारियों की प्रताड़ना से आत्महत्या किया गया है, इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए तत्काल अधिकारियों के निलंबन एवं आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के तहत एफआईआर किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से राजेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, जेपी शर्मा, मुन्ना मिश्रा, नीरज शर्मा, अजय जोशी, सुमित शर्मा, धनंजय शर्मा, मुकेश मिश्रा, नीतीश शुक्ला, श्लोक शर्मा, दीपक शर्मा, मनीष तिवारी सहित पदाधिकारी शामिल हुए।

छठ पूजा से पहले महादेवघाट की सफाई, मंदिर की तरफ का घाट हुआ स्वच्छ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

5 नवंबर से शुरू होने वाले छठ पूजा महापर्व से पूर्व राजधानी के ऐतिहासिक महादेवघाट को स्वच्छ रखने नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने सफाई अभियान चलाया है। सप्ताहभर पूर्व जोन 8 कमिश्नरी के माध्यम से गैंग लगाकर पहले मंदिर के तरफ वाले घाट की सफाई कर भारी मात्रा में गंदगी बाहर निकाली गई। इसके बाद पुल के नीचे वाले हिस्से में जलीय वनस्पति सहित अन्य तरह के कचरे को बाहर निकालकर घाट की स्वच्छता कायम की गई। इसके सथ ही विसर्जन कुंड के आसपास जमा लकड़ियों के ढांचे की नीलामी कर अनुबंधित ठेकेदार से आसपास के इलाके को साफ कराने का काम पूरा हो गया है। दरअसल सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा से पहले राजधानी के महादेवघाट की सफाई के लिए निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नरी ने सप्ताहभर से स्वच्छता अभियान चलाया है। इसकी शुरुआत मंदिर के तरफ वाले घाट किनारे की सफाई कर की गई। सफाई के दौरान बड़ी मात्रा में जमा हुआ कचरा निकाला गया। जिस जगह पर नौकाएं खड़ी की जाती थीं, वहां भी सफाई के लिए कर्मचारी लगाए गए। साथ ही पुल के नीचे वाले हिस्से में जमा जलीय वनस्पति , पूजन सामग्री, कचरों के ढेर को गोताखोरों और जोन गैंग तथा सेंट्रल गैंग के सफाई कर्मचारियों ने बाहर निकालकर सफाई की।

छठ पूजा महापर्व आयोजन समिति कराएगी घाट की रंगाई पुताई

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

खास बातें

- डंपर, जेसीबी, पोकलेन लगाकर कचरे का परिवहन
- नगर निगम जोन 8 गैंग और सेंट्रल गैंग का सहयोग

2 नवंबर से छठ पूजा महापर्व समिति कराएगी घाट की रंगाई पुताई

छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट रायपुर 2 नवंबर से महादेवघाट को छठ पूजा के लिए तैयार करने का कार्य शुरू कर देगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि समिति के पदाधिकारी मिलकर इस दिन सुबह से ही घाट की सफाई, धुलाई के साथ ही सुंदर पुताई का कार्य कराते हुए घाट को छठी मइया की पूजा अर्चना के लिए तैयार करेंगे। यहां हर साल की तरह इस साल भी बड़ी संख्या में व्रती छठ महापर्व को उत्साह के साथ मनाने परिवार के साथ पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि 5 नवंबर को नहाय खाय के साथ छठ महापर्व प्रारंभ होगा।

काचीगुडा-दरभंगा के बीच दो फेरे की दीपावली और छठ पूजा विशेष ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- तीन और दस नवंबर काचीगुडा, 5, 12 नवंबर को दरभंगा से चलेगी

दीपावली और छठ पूजा पर ट्रेनों में होने वाली भीड़ के बीच यात्रियों को कन्फर्म सीट दिलाने विशेष ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन तीन और दस नवंबर को काचीगुडा और 5 तथा 12 नवंबर को दरभंगा से संचालित होगी। दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर संचालित होने वाली इस ट्रेन में 22 कोच होंगे।

त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत संचालित होने वाली काचीगुडा-दरभंगा के बीच संचालित होने वाली ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया स्टेशन में 9.10 बजे, दुर्ग 11.55 बजे, बिलासपुर 2.30 बजे, रायगढ़ 4.25 बजे तथा तीसरे दिन 1.40 बजे दरभंगा पहुंचेगी। इसी तरह 5 एवं 12 नवंबर को वापसी के दौरान यह गाड़ी दरभंगा से 15.15 बजे रवाना होकर दूसरे दिन तीन बजे रायगढ़, बिलासपुर में 5 बजे, दुर्ग 7.48 बजे, गोंदिया 10.20 बजे स्टापेज लेगी। इस ट्रेन में 1 जनरेटर कार, 1 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 8 शयनयान, 5 एसीथ्री, 2 एसीटू, 1 एसी फस्ट सहित 22 कोच की सुविधा रहेगी। इसी तरह पूणे और सांतरागाछी के बीच 30 अक्टूबर के बीच चलने वाली एक फेरे की पूजा स्पेशल ट्रेन गुरुवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ठहराव वाले गोंदिया स्टेशन में 2.5 बजे दुर्ग 4.10 बजे, रायपुर 4.50 बजे, बिलासपुर 6.55 बजे, रायगढ़ 9.5 बजे तथा तीसरे दिन 7.30 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी।

अमलीडीह की सफाई व्यवस्था का जायजा

रायपुर । रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के जोन 10 के डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड की सफाई व्यवस्था का क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल साहू ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान श्री साहू ने वार्ड की दुकानों के सामने नाली के ऊपर बनाए गए कवर को हटाकर सफाई कराने के निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए। अमलीडीह तालाब में गंदगी देखकर तालाब की सफाई तुरंत कराने जोन 10 कमिश्नर राकेश शर्मा को दिशा निर्देश दिए। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू अपने क्षेत्र में लोगों के बीच जाकर वार्डवासियों से सफाई, पानी और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था का औचक निरीक्षण करने अलग-अलग वार्डों में भ्रमण कर रहे हैं।

कलेक्टोरेट के कर्मचारी सुसाइडल प्रकरण में गरमाई सियासत, बैज ने कलेक्टर को हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- राज्य में अलग-अलग समाजों को प्रताड़ित किया जा रहा : भूपेश

कलेक्टर कार्यालय के राजस्व विभाग में पदस्थ क्लर्क प्रदीप उपाध्याय आत्महत्या मामले में सियासत गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, राज्य में अलग-अलग समाजों को प्रताड़ित किया जा रहा है। पहले सतनामी, आदिवासी फिर साहू और अब ब्राह्मण समाज को प्रताड़ति किया जा रहा है।

श्री बघेल ने प्रदीप उपाध्याय के सुसाइड नोट का संदर्भ देते हुए कहा, लगातार कई जिलों में कस्टोडियल डेथ हो रही है। सरकार को निकम्मी बताते हुए कहा, उन्हें पद में बने रहने का कोई हक नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी मामले में रायपुर कलेक्टर को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा, प्रदीप उपाध्याय को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था और इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर को भी जानकारी दी थी। कलेक्टर ने फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा, जो कलेक्टर अपने कर्मचारी को न्याय नहीं दे सकता, वो आम लोगों को क्या न्याय देगा?

मृतक के आश्रित को तत्काल दें अनुकंपा नियुक्ति

तहसील कार्यालय रायपुर में पदस्थ कर्मचारी लिपिक प्रदीप उपाध्याय के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में कलेक्टोरेट परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में कर्मचारी नेता चंद्रशेखर तिवारी, उमेश मुदलियार, पंकज पांडेय, रामचंद तांडी ने दिवंगत कर्मचारी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। फेडरेशन ने मृतक के आश्रित को तृतीय श्रेणी के पद पर शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति देने एवं आश्रित के परिवार को मानवीय आधार पर 50 लाख रुपए का विशेष अनुदान स्वीकृत करने की मांग रखी।

एसपी से उच्च स्तरीय जांच की मांग

फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष सिंह से भेंटकर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाने की मांग की। पुलिस अधीक्षक ने आत्महत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। फेडरेशन सदैव अपने कर्मचारियों के हित संरक्षण के लिए और किसी भी कर्मचारी की प्रताड़ना का विरोध करने के लिए एकजुट होकर साथ खड़ा रहेगा।

तहसील कर्मचारी की मौत पर कांग्रेस ने पुरानी बस्ती थाने का किया घेराव



पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व कथित तौर पर प्रताड़ना से तंग आकर तहसील कार्यालय के एक लिपिक प्रदीप उपाध्याय ने फांसी लगाकर खुदकुशी करने के मामले को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को थाने का घेराव किया। थाने का घेराव पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है। कार्रवाई नहीं होने पर थाना के सामने नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। प्रदीप उपाध्याय ने जिन अफसरों के खिलाफ प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं, उन अफसरों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग करते हुए विकास उपाध्याय तथा कांग्रेस नेताओं ने घेराव किया। थाने का घेराव करने कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, उधो राम वर्मा, प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, श्रीकुमार मेनन, सन्नी अग्रवाल सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हुए।

जिलों में राज्योत्सव 5 को, रायपुर में मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सांसद, मंत्री, विधायक भी होंगे मुख्य अतिथि

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर को जिला मुख्यालयों में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस क्रम में रायपुर जिले में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे। जिलों में होने वाले कार्यक्रमों में केंद्रीय मंत्री, सासंद, राज्य सरकार के मंत्री, विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

तोखन मनेंद्रगढ़, साव बिलासपुर में : मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बस्तर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव से विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरगुजा में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में मंत्री दयालदास बघेल, दुर्ग में मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री लखन लाल देवांगन, बलौदाबाजार-भाटापारा में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

जांजगीर में ओपी, गरियाबंद में बृजमोहन : इसी प्रकार जांजगीर-चांपा जिले के कार्यक्रम में मंत्री ओपी चौधरी, बलरामपुर-रामानुजगंज में मंत्री लक्ष्मी राजवाडे, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में मंत्री टंकराम राम वर्मा, गरियाबंद में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बालोद में सांसद विजय बघेल, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान में सांसद संतोष पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

जशपुर में चिंतामणी बेमेतरा में रूपकुमारी

जशपुर जिले के कार्यक्रम में सांसद चिंतामणी महाराज, बेमेतरा में सांसद रूप कुमारी चौधरी, रायगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, सक्ति में सांसद कमलेश जांगडे, दंतेवाड़ा में सांसद महेश कश्यप, कांकेर में सांसद भोजराज नाग, नारायणपुर में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुंगली में विधायक पुन्नु लाल मोहले, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में विधायक धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि होंगे।

कबीरधाम में अमर धमतरी में अजय

इसी प्रकार कबीरधाम में विधायक अमर अग्रवाल, धमतरी में विधायक अजय चन्द्राकर, कोरिया में विधायक रेणुका सिंह, सूरजपुर में विधायक भैया लाल राजवाडे, कोण्डागांव में विधायक लता उसेंडी, बीजापुर में विधायक विक्रम उसेंडी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विधायक राजेश मूणत तथा सुकमा जिले में विधायक किरण देव राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

दक्षिण उप चुनाव के मैदान पर 30 प्रत्याशी, चार ने नाम वापस लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव में नाम वापसी के बाद अब 30 प्रत्याशी चुनाव मैदान पर हैं। कुल 46 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ने नामांकन दाखिल किया था। इनमें से 12 प्रत्याशियों का नामांकन जांच के दौरान निरस्त कर दिया गया था।

4 अन्य प्रत्याशियों ने नाम वापसी के दिन अपना नामांकन वापस ले लिया। जिन प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया है, उनमें जुगराज जगत, रवि भोई, महेंद्र कुमार बाघ और हैदर भाटी का नाम शामिल है। प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद जिला निर्वाचन आयोग ने प्रतीक चिन्ह आवंटन की कार्रवाई कर दी है। नामांकन दाखिले के बाद अधिकृत प्रत्याशियों पर पर्यवेक्षकों की पूरी नजर होगी। उनके द्वारा प्रचार के दौरान किए जाने वाले व्यय और अन्य की जानकारी उन्हें तीन चरणों में देनी होगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सभी प्रत्याशियों को चुनाव आचार संहिता के दायरे में रहकर चुनाव प्रचार करना होगा। 13 नवंबर को उपचुनाव की एक सीट के लिए मतदान होगा।

टाउनहॉल में रहेगा मतदाता सुविधा केन्द्र

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के परिप्रेक्ष्य में टाउनहाल कलेक्टोरेट परिसर में मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसमें निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने की सुविधा रहेगी। यह 10, 11, 12 नवंबर को संचालित रहेगा, जिसका समय प्रातः 10 से शाम 5 बजे रहेगा। इसके प्रभारी अधिकारी एओ लॉरी, रामनारायण वर्मा, अजय कुमार लहरी होंगे।

13 से 20 नवंबर तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 13 से 20 नवम्बर तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में उपचुनाव के लिए 13 को प्रातः सात बजे से 20 नवम्बर की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में उसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार या प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

बांधवगढ़ में पांच वर्ष पूर्व पहुंचे सात हाथियों की विषैला चारा चरने से मौत

दो क्षेत्रों में काल के ग्रास बने 10 गजराज घरघोड़ा में श्रद्धांजलि देने जुटा हाथी परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- करंट से मौत वाले हाथियों को जहां दफनाया गया, वहां हाथी दल के पहुंचकर श्रद्धांजलि देने का वीडियो वायरल

इंसानी संवेदना की तरह हाथियों में भी संवेदना पाई जाती है, इसका उदाहरण घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के चुहकीमार नर्सरी में करंट से तीन हाथी शावकों की मौत के बाद देखने को मिला। करंट से मरे हाथियों को जहां दफनाया गया था, उस जगह पर हाथी परिवार श्रद्धांजलि देने पहुंचा था। इसकी पुष्टि रायगढ़ डीएफओ स्टाइलो मंडावी ने भी की है। श्रद्धांजलि देने का वीडियो ड्रोन कैमरे से बनाया गया है। मध्यप्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जिन सात हाथियों की मौत हुई थी, वो हाथी पांच वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ से बांधवगढ़ पहुंचे थे।

गौरतलब है कि पांच दिन पूर्व 12 साल की एलू मदर हाथी सहित तीन मादा हाथी की करंट से मौत हुई थी। मरने वाले हाथियों की उम्र ढाई से 12 वर्ष के बीच की है। इस लिहाज से मरने वाले सभी हाथी शावक थे। हाथी परिवार में अपने शावकों से विशेष प्रेम रहता है। हाथी परिवार में आपसी सामंजस्य के साथ सहभागिता के गुण पाए जाते हैं। परिवार के किसी सदस्य से बिछड़ने पर हाथी परिवार व्यथित होने के साथ शोक मनाता है।

कई दिनों तक शोक मनाते हैं : वन्यजीव प्रेमी के अनुसार दल में शामिल किसी हाथी के मौत होने के बाद दल में शामिल सदस्य कई दिनों तक मृत हाथी के पास रहकर शोक मनाते हैं। दल में शामिल सदस्य अपनी सूंड से मृत हाथी की बॉडी को स्पर्ष करते हैं। किसी शावक की मौत होने के बाद शावक की मां अपने बच्चे की लाश के पास कई दिनों तक खड़ी रहती है।

मौत पर शोक व्यक्त करते हैं : सिंघवी

वन्यजीव प्रेमी नितीन सिंघवी के मुताबिक हाथी परिवार में जब भी किसी सदस्य की मौत हो जाती है, तो जिस जगह पर उसकी मौत हुई होती है और जहां मृत हाथी की हड्डी पड़ी रहती है, हाथी परिवार वहां से जब भी गुजरता है, वहां रुककर सूंघता है, समझता है, जो एक प्रकार के उसका शोक जताने का तरीका है। श्री सिंघवी के मुताबिक जंगल में हाथी मर जाएगा और मरने के बाद सड़कर हड्डी रह जाएगी, वहां से कोई हाथी परिवार गुजरता है, तो वह गुजरते वक्त सूंघते हुए मृत हाथी के कंकाल के पास पहुंचता है।

छत्तीसगढ़ से लेकर मध्यप्रदेश में सुरक्षित नहीं हाथी

मध्यप्रदेश के वनों में जो हाथी विचरण कर रहे हैं, वह हाथी छत्तीसगढ़ के हैं। मध्यप्रदेश के कान्हा, संजय दुबारी तथा बांधवगढ़ में 70 के करीब हाथी विचरण कर रहे हैं। बांधवगढ़ में विषैला चारा चरने से जिनकी चारा खाने से मौत हुई है, उन हाथियों के गुरु घासीदास नेशनल पार्क या मरवाही के रास्ते मध्यप्रदेश पहुंचने की संभावना वन्यजीव के जानकारों ने व्यक्त की है। मृत हाथी पांच वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ के जंगल से मध्यप्रदेश पहुंचे थे और वहां स्थायी रूप से रहे थे।

प्रदेशभर के 2058 सहकारी समिति के 13 हजार कर्मचारी करेंगे आंदोलन

सहकारी समिति के कर्मचारी 4 नवंबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल, 14 से धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर की 2058 सहकारी समिति में कार्यरत 13 हजार कर्मचारियों ने अपने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी प्रत्येक समिति को प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि प्रदान करने, सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी नीति में 16.9 फीसदी सूखत मान्य का प्रावधान करने की मांग की गई है। वहीं राज्य शासन द्वारा प्रदेशभर में 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ करने की तैयारी है।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर की सहकारी समिति के 13 हजार कर्मचारियों ने अपने 3 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू का कहना है, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक तरफ जहां प्रदेश की सहकारी समितियों में 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने की तिथि घोषित की गई है, वहीं दूसरी ओर विडंबना ये है कि पिछले साल की धान खरीदी का कमीशन अब तक नहीं मिला। बारदाना की राशि, ब्याज अनुदान की राशि अभी तक समितियों को प्राप्त नहीं हुई है। इसके कारण धान खरीदी की तैयारी सहित कर्मचारियों को दीपावली पूर्व वेतन मिलना दूभर हो गया है। कर्मचारियों का ये भी कहना है कि लंबित मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, खाद्य मंत्री सहित सहकारिता सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर ध्यान आकर्षित करा चुके हैं, इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। धान खरीदी नीति का आदेश हो गया है, जिसमें 72 घंटे में धान उठाव का प्रावधान था, उसे हटा दिया गया है।

महासंघ द्वारा जनदर्शन में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा गया कि धान खरीदी में सूखत नहीं तो धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा, पर अभी तक इस दिशा में पहल नहीं की गई। इससे प्रदेश के 13 हजार कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। लंबित मांग पूरी नहीं होने पर 4 नवंबर से सहकारी समितियों के कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाएंगे। कर्मचारियों का कहना है, उनकी इस हड़ताल से प्रदेश में धान खरीदी, रबी फसल के ऋण वितरण, राशन वितरण प्रभावित होगा।

इस तरह से चला चरणबद्ध आंदोलन

- 18 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 33 जिलों के सहकारी समितियों में काली पट्टी लगाकर किया काम।
- 21 व 22 अक्टूबर को 2 दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालयों में धरना, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन।
- 23 अक्टूबर से 3 नवंबर तक समिति मुख्यालय में भोजन अवकाश के बाद नारेबाजी व प्रदर्शन।
- 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं इसलिए संभाग स्तर पर धरना प्रदर्शन।

रजिस्ट्री में बूम, एक दिन में चार करोड़ 76 लाख से अधिक की हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीपावली में इस बार बूम रजिस्ट्री हो रही है। त्योहार में प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री बढ़ने के कारण दीपावली के एक दिन पूर्व पंजीयन कार्यालय में 307 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 4 करोड़ 76 लाख रुपए से अधिक की आय हुई है। इससे पूर्व धनतेरस के दिन भी 3 सौ से अधिक रजिस्ट्री हुई है। इस तरह दो दिन में करीब 9 करोड़ रुपए की रजिस्ट्री हुई है।

त्योहार के कारण पंजीयन कार्यालय में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने वालों की भारी भीड़ देखी जा रही है। पंजीयन कार्यालय में सुबह 10 बजे से ही रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ लगना शुरू हो गई थी, जो शाम तक रही। दिनभर में रजिस्ट्री के पांचों उप पंजीयकों के यहां 307 रजिस्ट्री हुई है। उप पंजीयकों में एसएसआर-1 में 72, एसएसआर-2 में 66, एसएसआर-3 में 75, एसआर-4 में 46 एवं एसआर-5 में 48 रजिस्ट्री हुई है। इन रजिस्ट्री से रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में 1 करोड़ 87 लाख 59 हजार 532 रुपए तथा स्टाम्प शुल्क से 2 करोड़ 89 लाख 38 हजार 130 रुपए प्राप्त हुआ है। पंजीयक विनोज कोचे ने बताया कि लक्ष्मी पूजा के दिन भी रजिस्ट्री से अच्छी आय होने की उम्मीद है। इस दिन भी बड़ी संख्या में लोगों ने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले रखा है।

कार्यालय
मुख्यालय उप पंजीयक
रायपुर, छत्तीसगढ़

भक्ति भाव के साथ माता लक्ष्मी, गणेश कुबेर, सरस्वती की पूजा अर्चना हुई

पांच दिवसीय दीपोत्सव का पर्व अंचल में हर्षोल्लास मना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हिन्दुओं का सबसे बड़ा त्योहार पांच दिवसीय दीपावली का त्योहार अंचल में हर्षोल्लास मनाया गया। अंधकार पर प्रकाश का विजय का पर्व पर भक्तों ने प्रथम दिन धनतेरस पर भगवान धनवंतरि की पूजा अर्चना की। दूसरे दिन 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी पर यमराज की आराधना कर 14 दीपों का दान किया। 31 अक्टूबर को दीपावली पर माता लक्ष्मी, गणेश, कुबेर, सरस्वती सहित सर्व देवी-देवता की पूजा कर मनोवांछित फल की कामना की। इस बार दीपावली का पर्व दो दिन मनाया गया। शहरी इलाकों में 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजन तो वहीं 1 नवम्बर को ग्रामीण इलाकों में दीपोत्सव का पर्व मनाया गया। दीपावली पर भ्रम की स्थिति होने के कारण इस बार दो दिन की दीपावली मना। इस मौके पर दीयों की रोशनी से पूरा अंचल जगमगा उठा।

श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से त्योहार मनाया। दीये जलाने के साथ इलेक्ट्रिक झालरों से घर आंगन को सजाया गया। आतिशबाजी का दौर पूरे पांच दिन तक चला।

गुरूवार को दीपावली पर बाजार देर रात तक गुलजार रहा। खरीदारी करने लोगों की भीड़ रही। शहर के रामबाग से लेकर सदरबाजार, घड़ी चौक, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रूद्री सहित सभी मार्गों में जमकर ग्राहकी रही। किराना, बर्तन, सराफा आटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक आदि की दुकानों में भीड़ रही। सराफा व्यापारी स्वरूपचंद जैन, ललित जैन, ज्ञानचंद लुनावत, आटोमोबाइल सेक्टर के अमित जैन, इलेक्ट्रानिक सेक्टर के हरीश साहू, बर्तन व्यापारी भावेश देवांगन, कपड़ा व्यापारी मुकेश जैन आदि ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस बार सभी क्षेत्रों में व्यापार अच्छा रहा। एक अकेले धनतेरस और दीपावली पर बाजार में 500-600 करोड़ का व्यापार हुआ है।

खबर संक्षेप

आज कांशीपुरी में मातर

पुरी। ग्राम कांशीपुरी में समस्त ग्रामवासी के सहयोग से मातर का आयोजन दिनांक 3 नवंबर को किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रि में जय भारत माता नाचा पार्टी रनचिरई जिला बालोद का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। आयोजनकर्ता त्रिभुवन यादव, रोहित यादव, लेखराम यादव, विशाल यादव, खेदूराम यादव एवं समस्त ग्रामवासी हैं।

कंडेल में मातर महोत्सव आज

पुरी। गौरव ग्राम कंडेल में भव्य सम्राट मातर महोत्सव का आयोजन 3 नवंबर को समस्त ग्रामवासियों के सहयोग किया गया है। रात्रिकालीन में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम लोकरंग मोर सांवरिया रायपुर की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं। आयोजन समिति के लोगों ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

देवपुर में मातर महोत्सव एवं अखाड़ा प्रतियोगिता आज

पुरी। ग्राम डोंगेश्वरधाम देवपुर में बजरंग दल देवपुर के तत्वाधान में 3 नवंबर को भव्य मातर महोत्सव एवं अखाड़ा प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि मोहन लाल साहू प्रांत सह सेवा प्रमुख आरएसएस छग, अध्यक्षता चेतन यदु सरपंच देवपुर, विशिष्ट अतिथि संदीप अग्रवाल जिलाध्यक्ष विहिप धमतरी होंगे। आयोजक बजरंग दल देवपुर विहिप जिला धमतरी के साथ यादव/ठेठवार समाज एवं समस्त ग्रामवासी देवपुर होंगे।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

धमतरी। अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय स्टेशनपारा निवासी ओंकार साहू 24 वर्ष ने गुरूवार दीपावली की देर रात्रि अपने घर के म्यांर में कपड़े की रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर सिटी कोतवाली को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच पंचनामा की

पेज 9 के शेष

चलित थाना में ...

में डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटाशन, शेयर मार्केटिंग, ऑनलाइन ट्रेडिंग कर धोखाधड़ी से बचने के संबंध में जानकारी दी गई। चलित थाना में उपस्थित सभी लोगों को गांव में होने वाली समस्याओं के बारे में पूछा गया, जिसमें जमीन संबंधित वाद विवाद का होना बताते हुए समस्या को सुनकर त्वरित निदान संबंधित विभाग से बातचीत कर निराकरण करने का आश्वासन दिया गया है।

पूर्व मंत्री डॉ...

कसडोल–अनिल पांडे, सुदीप मानिकपुरी, लवन–विजय केशरवानी, गिरधारी वर्मा, पलारी–कृष्णा अवस्थी, अमित वर्मा, दक्षिण पलारी–विपिन बिहारी वर्मा, शंभू डहरिया, बलौदाबाजार शहर–तेजराम वर्मा, नीलम सोनी, बलौदाबाजार ग्रामीण– श्यामबाई साहू, डमरूधर वर्मा, सुहेला–सेवक वर्मा, दौलतराम पाल, भाटापारा शहर – योगेश चंद्राकर, सुनील यदु, भाटापारा ग्रामीण–आनंद यादव, प्यारे रजक, सिमगा–राकेश तिवारी, अभिजीत अवस्थी, निपनिया–ओमप्रकाश है।

शहर सहित गांव गांव में दीपावली का उत्साह, हटकेशर में हुआ आयोजन

गौरी गौरा विवाह की सांस्कृतिक परम्परा धूमधाम से मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शनिवार को शहर सहित गांव गांव में गौरी गौरा विवाह और विसर्जन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा था। हटकेशर वार्ड में आदिवासी समाज ने अपनी संस्कृति एवं परम्परा का निर्वहन करते हुए भगवान शंकर और पार्वती की विवाह रस्म निभाई गई।

हटकेशर आदिवासी समाज के अध्यक्ष संतराम ठाकुर, कैलाश ध्रुव, महेश ध्रुव ने बताया कि दीपावली पर गौरी गौरा विवाह की हजारों साल पुरानी परम्परा चली आ रही है। जिसमें आदिवासी समाज के साथ सर्वसमाज के लोग बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को गौरी गौरा जगार के साथ गौरी गौरा विवाह का सांस्कृतिक परम्परा शुरु हुई। रात 9 बजे गौरा चौरा में समाज की महिलाएं पारम्परिक गाजे बाजे के साथ गौरा जगार की रस्म पूरी करते हैं। इस दौरान दर्जनों महिला पुरूष बच्चे गीत संगीत में खूब नाचते झूमते है। जिसे देखने बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे होते हैं। पांच रात में गौरा जगार होने के बाद लक्ष्मीपूजा की रात गौरी गौरा विवाह की रस्म की जाती है। अलग अलग घरों में गौरी गौरा की मूर्ति को रखा जाता है। फिर गौरा को परघा कर लाया जाता है। यहां से गौरा गौरी की बारात निकलती है।

बारात के दौरान युवा अखाड़ा का प्रदर्शन करते हैं। पारंपरिक गाजे बाजे के धुन में अनेक महिला पुरूष नाचते झुमते गौरी गौरा की अगुवाई करते हैं। वार्ड का भ्रमण कर गौरा चौरा में पहुंचते हैं। यहां गौरा चौरा में सात भांवर कर विवाह रचाते हैं। इस समय दीपावली पर्व का उत्साह अपने चरम पर रहता है। खूब फटाके आतिशबाजी होती है। विवाह के बाद गौरा चौरा में प्रतिमा स्थापित की जाती है।

गौरा विसर्जन में परण पड़ने की रस्म

शनिवार को 11 बजे गौरी गौरा विसर्जन की रस्म शुरु हुई। चंदूलाल नेताम, देशराम ध्रुव, लोकेश नेताम ने बताया कि परंपरानुसार गौरी गौरा विसर्जन पारंपरिक गीत संगीत के साथ गौरा विसर्जन यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल होते हैं। विसर्जन के दौरान रास्ते भर गौरी गौरा की घर घर से पूजा की जाती है। लोग अपनी मनोमकामना को लेकर गौरी गौरा के सामने पेट के बल लेटकर परण पड़ते हैं। जिसे पार कर गौरी गौरा आगे बढ़ते हैं। मान्यता है कि परण पड़ने से लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है।

किसानों ने खिलाए मवेशियों को खिचड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम अंवरी में किसानों ने गोवर्धन पूजा के दिन अपने पालतू मवेशियों को विधि-विधान पूर्वक पूजा पाठ कर खिचड़ी खिलाया।

किसान थम्मन साहू, खिलावान साहू, भुनेश्वर साहू, डीगेश्वर साहू, रामेश्वर साहू, तुलाराम साहू, पोषण साहू, इन लोगों ने बताया कि गौमाता भी एक प्रकार के लक्ष्मी का ही रूप है जिसे गोधन कहा जाता है। जिसे दिवाली पर्व पर पूजा पाठ कर खिचड़ी खिलाया जाता है।

इस अवसर पर जिसमें हेमन्त साहू, उदय प्रताप साहू, लोकु साहू, उमेश साहू, थानेश्वर साहू, रोशन साहू, ईश्वर साहू, पुष्पेंद्र साहू, केशव साहू, मुकेश साहू, लकी साहू, गुलशन साहू, नीरज साहू, डगेश्वर साहू ने खिचड़ी खिलाई।

सिर्री में विराजित हुईं माता लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

सिर्री में शुक्रवार को दीपावली पर्व के मौके पर जय महालक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा विधिवत पूजन कर पुराना स्कूल चौक में, अटल चौक में, बाजार चौक में माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई। पर्व पर समिति द्वारा विधि-विधान से पूजन किया। इस दौरान जय महालक्ष्मी उत्सव समिति स्कूल चौक के अध्यक्ष हीरामन पटेल अध्यक्ष, नीलम साहू उपाध्यक्ष, परमेश्वर साहू सचिव,संरक्षक हरि देवांगन, धनीराम पटेल, बलराम पटेल, सदस्य गण में लोकेश्वर साहू, नारायण साहू ओमप्रकाश साहू, सुदर्शन साहू, धनेश्वर साहू, लाभा तारक, कुशाराम, रामेश्वर देवांगन, मनोज देवांगन, सीताराम साहू सहित अन्य सदस्यों, ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। माता लक्ष्मी की सेवा में पंडा सुखराम साहू, बलदेव साहू लगे हुए हैं। माता का दर्शन करने श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ लग रही है।

क्रिकेट में भुरसीडोंगरी बनी विजेता और मावली पारा उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

बेलरगांव ब्लाक के ग्राम हिर्रीडीह में दिपावली के अवसर पर ग्राम पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। शनिवार को आयोजन इस प्रतियोगिता में भुरसीडोंगरी और मावली पारा के बीच फाइनल मैच खेला गया। प्रथम क्रिकेट क्लब भुरसीडोंगरी ने जीत हासिल का 13000 रु व शील्ड प्राप्त किया। वहीं उपविजेता क्रिकेट कलब मावली पारा को 8001 रु और शील्ड प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज साक्षी जिला पंचायत सदस्य धमतरी थे। वहीं अध्यक्षता हीरा लाल नेताम ग्राम पटेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलास नाथ प्रजापति, रजनीकांत देवांगन, ग्रा.पं.हिर्रीडीह वार्ड पंच सुमित्रा नेताम, कलाबाई मरकाम, चंद्रिका नेताम, मोहनी नेताम, मथन नेताम, परदेशी मरकाम,निर्जन नेताम, जोहन राम नेताम, डोमार सिंह नेताम, प्रभु लाल नेताम,विष्णु नेताम, रतन नेताम, महेंद्र मरकाम, हलाल सिंह नेताम,रामकुमार मरकाम, अमरचंद नेताम, छबिलाल मरकाम, शंकर लाल नेताम ,राजेश्वर नेताम, मंच संचालक देवेश मरकाम, आत्मा राम मरकाम, रोशन लाल नेताम, दुर्गेश नेताम,पुसऊ मरकाम, संत कुमार नेताम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

सिर्री क्षेत्र में धूमधाम से मनी दीपावली

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

सिर्री में 1 नवंबर शुक्रवार को दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के कुछ गांवों में 31 अक्टूबर को भी लक्ष्मी पूजन विधिवत संपन्न की गई। सिर्री सहित अंचल में दीपावली पर्व पर सभी के घर रोशनी से जगमग रहे। शुक्रवार को सुबह से ही घरों व विभिन्न प्रतिष्ठानों में उत्साह का माहौल रहा। मनभावन रंगोली ने घरों की आकर्षकता को और बढ़ाया। शुभ-मुहूर्त में धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा की गई। बच्चों सहित बड़ों में भी जमकर पटाखे फोड़े। रात्रि में ही क्षेत्र के गांवों के विभिन्न गौरा चौक में पारंपरिक गौरी-गौरा के गीत बाजे-गाजे के साथ गूंजती रही। लोग दर्शन करने आशीर्वाद लेने भीड़ लगी रही। आदिवासी समाज द्वारा आदिवासी संस्कृति की प्रस्तुति हुई। साथ ही राउत नाचा, सुआ नृत्य, गोंडी संस्कृति पर आधारित रस्म निभाएं गए। शनिवार सुबह से ही लोगों के गोवर्धन पूजा भी की और गायों को खिचड़ी भी खिलाई। राउत भाइयों ने घर घर जाकर दोहा गाते हुए आशीर्वाद देने पहुंचे। पर्व पर जमकर आतिशबाजी भी की गई।

सिकासेर दल के आधे हाथी सांकरा रेंज की ओर

- एमई 3 दंतैल गरियाबंद वन मंडल में लौटा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सीतानदी उदंती टायगर रिजर्व क्षेत्र के अरसीकन्हार में सिकासेर हाथी दल के करीब 15 हाथी विचरण कर रहे हैं। वहीं चंदा दल के एक हाथी को गरियाबंद जिले में लौटने की खबर है।

हाथी निगरानी दल के एस.सोरी ने बताया कि शनिवार को सिकासेर हाथी दल के 14-15 हाथियों को बोईर गांव परिसर के कक्ष क्रमांक 180 में विचरण करते देखा गया है। हाथी द्वारा फसल क्षति की खबर नहीं है। आसपास क्षेत्र के ग्राम खालगढ़, बोईरगांव, संदबाहरा, मांदागिरी, ठोठाझरिया, लिलांज, अरसीकन्हार के ग्रामीणों को हाथी से सावधान रहने की मुनादी कराई गई है।

इधर उत्तर सिंगपुर हाथी निगरानी दल प्रमुख प्रेमलाल लहरे ने बताया कि शुक्रवार को एक दंतैल एमई 3 का लोकेशन मगरलोड परिक्षेत्र के ग्राम रेंगाडीह में था। जिसे देखते हुए हथबंध, जलकुंभी, परसाबुड़ा, कमारपारा, रेंगाडीह, कोटगांव, राजाडेरा गांव को अलर्ट किया गया था। शनिवार को यह हाथी पैरी नदी पार कर गरियाबंद वनमंडल में प्रवेश कर गया है। एमई तीन दंतैल से फसल हानि की खबर है।

त्योहार में सड़क दुर्घटना रोकने पुलिस ने की वाहन चालकों की चेकिंग

- नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर रही नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

त्यौहार पर नशे के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने यातायात पुलिस ने नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की चेकिंग कर समझाईश दी।

दीपावली त्यौहार को लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते है, लेकिन कुछ अतिउत्साही युवा त्यौहार के उमंग में नशापान कर वाहन चलाने से बाज नहीं आते। जिसके कारण अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखते हुए यातायात डीएसपी एम.एस.चंद्रा के नेतृत्व में ट्रेफिक पुलिस द्वारा एहितियात के तौर पर गुरुवार से ही शहर में विभिन्न चौक चौराहों पर चेकिंग पाइंट में इंटरसेप्टर वाहन के मदद से शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई।

शराब सेवन किए पाए जाने पर वाहन चालको को समझाइश के साथ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सड़क दुर्घटना में कमी लाने यह कार्रवाई त्यौहार के बाद भी लगातार जारी रहेगी। यातायात पुलिस ने आमजनों से शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अन्य लोगों की भी सुरक्षा का ध्यान रखने व ट्रेफिक नियमों का पालन कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

प्रशिक्षणार्थियों ने जनजातियों की संस्कृति व परम्परा को रंगोली में उकेरा

- आईटीआई करेली बड़ी में जनजाति गौरव दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करेली बड़ी में जनजाति गौरव दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान जनजाति गौरव माह के तहत उनके योगदान और इतिहास को बताया गया। इस दौरान रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता हुई।

प्रशिक्षणार्थियों ने रंगोली के माध्यम से जनजाति परम्परा की मनमोहक रंगोली बनाई। संस्था प्रमुख श्रीमती धारणा साहू ने बताया कि भारत की जनजातियां हमारी संस्कृति और इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इन जनजातियों की विशिष्ट संस्कृति, परंपराए और रीति-रिवाज हमारी विविधता को दर्शाते हैं। हमें जनजातियों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और उनकी संस्कृति को संरक्षित करना चाहिए। जनजातियों की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने से हम अपनी विविधता को संरक्षित कर सकते हैं। हमें जनजातियों के प्रति सम्मान और सहानुभूति की भावना रखनी चाहिए। जनजातियों का गौरव हमारी राष्ट्रीय पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें जनजातियों की संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारी चंद्रशेखर साहू, मनीष कुमार टंडन, चोवाराम सोनवानी, उमेश कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
☎ 0771-4003777, 77778-76292
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

गौवंशों को खिलाई गई खिचड़ी

महासमुंद। लाफिनखुर्द गौठान में गौ वंशों की पूजन करके खिलाई गई खिचड़ी।

राज्योत्सव के मौके पर कवि गोष्ठी 5 को

महासमुंद। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 05 नवंबर को जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में आयोजित समारोह में खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि होंगे। राज्योत्सव के अवसर पर 5 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कवि संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे मुख्य कवि के रूप में मौजूद रहेंगे। साथ ही कोरबा से किरण सोनी, मुंगेली से देवेंद्र प्रसाद वीर रस, कवर्धा से अभिषेक पांडेय अपने कविताओं से श्रोताओं को आनंदित करेंगे।

मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में बांटे फल-मिष्ठान

महासमुंद। शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने दीपावली पर्व पर नयापारा स्थित आशियाना वृद्धाश्रम में बुजुर्गजनों को फल और मिष्ठान वितरण किया गया। विगत 19 वर्षों से अज्ञात शवों के अंतिम संस्कार के साथ सामाजिक सेवा कार्यों से जुड़े हुए मुक्तिधाम समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, मोहन बावनकर, गोपाल वर्मा, विजय ठाकुर, संजय शर्मा, डॉ एजाज नकवी, मनोज पटेल, गुमान चंद जैन, सुरेश साहू आदि ने प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वृद्धाश्रम के माता पिता तुल्य बुजुर्गजनों का कुशलक्षेम जाना और दीपोत्सव पर्व पर उनका आशीर्वाद लेते हुए सभी को फल मिठाई वितरित की। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की अधीक्षिका श्रीमती उषा साहू सहित स्टाफ के सभी सदस्य और वृद्धाश्रम के बुजुर्गजन उपस्थित रहे।

मितान धारा फाउंडेशन ने दी प्रोत्साहन राशि

धमतरी। बीसीएस शासकीय पीजी कालेज में दीपावली पूर्व आयोजित सुआ नृत्य, राऊत नाचा और गौरा गौरी झांकी प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त समूह को मितान धारा फाउंडेशन के माध्यम से 1000-1000 रूपये की प्रोत्साहन राशि डॉ. खेदू भारती ने प्रदान की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे, कार्यक्रम संयोजक डॉ. हेमवती ठाकुर, आकांक्षा मरकाम, डॉ. दूजराम टंडन, पीसी चौधरी, डॉ. मनदीप खालसा, डॉ. अनीता राजपुरिया, डॉ. चन्द्रिका साहू, प्रभा भीखम, कुशल चोपड़ा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

निधन

देवकी देवी ठाकुर

रायपुर। धरसींवा टेकारी वाले स्व. चन्दिका प्रसाद लक्ष्मण सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी देवकी देवी 97 वर्ष का 1 नवंबर को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार महादेव घाट के मुक्तिधाम में किया गया। वे पीताम्बर सिंह, तपन सिंह बसु की माता और गौपन्ना राम की दादी थी।

उमाशंकर कश्यप



बलौदाबाजार। ग्राम सईहा निवासी 85 वर्षीय उमाशंकर कश्यप का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को सईहा स्थित मोक्षधाम में किया जायेगा। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा ग्रामवासी शामिल होंगे। वह रश्मिकांत कश्यप के पिता थे।

ईशर-गवरा पूजन कार्यक्रम में शरीक हुए बसना विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

नगर वार्ड क्रमांक 10 में आयोजित ईशर-गवरा पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए। यहां उन्होंने ईशर-गवरा की विधिवत पूजा अर्चना कर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान ग्रामवासियों एवं कार्यक्रम आयोजकों ने विधायक डॉ. संपत अग्रवाल का पुष्पहार श्रीफल से स्वागत सम्मान किया।

इस मौके पर विधायक डॉ.संपत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा हमारी रीति-नीति और कार्यशैली को कभी नहीं भूलना चाहिए, जिस तरह से हमारी संस्कृति को हमारे पूर्वजों ने संजोकर रखा था उसको हमें आगे आकर निरंतर बढ़ाना चाहिए और युवाओं को भी इसमें रूचि लेना चाहिए। ईशर-गवरा पूजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर की महानतम प्रतीक है। भगवान भोलेनाथ हम सबके आराध्य हैं और ये पूजा हम सबको मिट्टी से जोड़ता है। श्रद्धालुजन ईशर को शिव के रूप में और गवरा को पार्वती को रूप में पूजा करते हैं। दीपावली से पहले धनतेरस एवं नरक चतुर्दशी में गौरा-गौरी को जगाया जाता है। तत्पश्चात दीपावली की रात से इनके मिलन एवं विवाह का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्षद्वय रमेंश अग्रवाल, जितेंद्र त्रिपाठी, समाजसेवी रामचंद्र अग्रवाल, भाजपा मंडल बसना महामंत्री व विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत बसना अभिमन्यु जायसवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी कामेश बंजारा, बंजारा समाज प्रमुख मंधु बंजारा, पार्षद महेंद्र सिंह अरोरा, राजू बंजारा, गणेश राम बंजारा, बल्लू डड़सेना, गौतम बंजारा, प्रदीप दास राजन, साधू नायक, बलदेव मिश्रा, भूपेंद्र पटेल, राहुल नायक, सुरेश डड़सेना, उमेश बंजारा, सुरेश सोनी समेत बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।



गोवर्धन पूजा में शामिल हुए विधायक

बसना। बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मेदिनीपुर में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल शामिल हुए और भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि गोवर्धन की पूजा करने से आर्थिक समस्याएं दूर होती हैं और इसके अलावा धन-धान्य, संतान और सौभाग्य की प्रप्ति होती है। इस अवसर पर विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा सहित भारी जनसंख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया दीपोत्सव, ईशर गवरा विसर्जन में उमड़े श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

दीपों का महापर्व दीपावली क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने-अपने घरों में शुभ मुहूर्त पर विधिवत महालक्ष्मी, भगवान गणेश और मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। इसके बाद लोगों ने अपने आसपास के लोगों से भेंटकर पर्व की बधाई देते हुए प्रसाद और मिठाइयां वितरण किया। वहीं इस मौके पर महिलाएं व युवतियों ने अपने-अपने घर आंगन में आकर्षक रंगोली सजाए थे। लक्ष्मी पूजन के पश्चात रात्रि में विधिवत पूजा अर्चना के साथ गांव के विभिन्न चौक चौराहों में ईशर-गवरा का प्रतिमाएं भी स्थापित की गई। इसके दूसरे दिन सुबह गांव के प्रमुख मार्गों व गलियों में गौरा गौरी का भव्य शोभा यात्रा जुलूस निकाली गई। जहां विसर्जन में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

इसी कड़ी में धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में ईशर-गवरा की प्रतिमाओं को बाजे गाजे व बम पटाखे की गड़गड़ाहट के साथ गांवों के विभिन्न गलियों से भ्रमण कराते हुए यहां के प्रमुख भंसगरी तालाब में विर्सजन किया गया। वहीं राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 353 स्थित बस स्टैंड के स्टेशन पारा खल्लारी भी में विराजित ईशर-गवरा का विसर्जन यहां के प्रमुख स्थानीय भीमखोज नदी में किया गया। दीपावली में

ईशर-गवरा की पूजा अर्चना आदिवासियों के लिए प्रमुख पर्वों में से एक है। जिसे प्रत्येक समुदायों के लोग धूमधाम से मनाते हैं। वहीं ग्रामीण अंचलों में एक सप्ताह पूर्व से ही देव जगाने के साथ सिलसिला शुरू हो जाता है। इस दिन ईशर-गवरा का विवाह किया जाता है। विसर्जन के इस मौके पर गली भ्रमण से लेकर विसर्जन करने तक खल्लारी बस्ती और नेशनल हाईवे 353 स्थित बस स्टैंड खल्लारी में ईशर-गवरा की शोभा यात्रा पर श्रद्धालुओं भीड़ उमड़ी। जहां शोभायात्रा के दौरान गांव के प्रमुख गलियों में लोगों ने अपने घरों के सामने पूजा अर्चना की। शोभायात्रा तालाब व नदी में पहुंचा, जहां विसर्जन के पहले ही गांव के प्रमुख बैगाओं, माताओं और ग्रामीणों की उपस्थिति में सर्वप्रथम पूजन आरती की गई। बाद विसर्जन किया गया। इस अवसर पर गांव के लोगों और श्रद्धालुओं भक्तों में अपार उत्साह देखा गया। दीपावली पर्व के दौरान खल्लारी थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अप्रिय घटना न घटे इस उद्देश्य से खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र नाग के दिशा निर्देशन में पुलिस के जवानों ने खल्लारी थाना क्षेत्र के गांवों में लगातार गस्त कर अपना सक्रिय भूमिका का दायित्व निभाया।

घरों में हुई गोवर्धन पूजा

दीपावली के मौके पर मां लक्ष्मी पूजन के दूसरे दिन ग्रामीणजन अपने घरों के कोठार में गाय, बैल, भैंस की पूजा अर्चना के साथ गोवर्धन पूजा को पूरे पारम्परिक रूप से किया। जहां गोबर का गोवर्धन बनाकर मवेशियों को केला के पत्ते में खिचड़ी खिलाने की रस्म अदायगी को पूरी की गई। साथ ही किसान और उनके परिवार मवेशियों के जूठा प्रसाद भी ग्रहण किया। वहीं शाम के समय गौठानों में गोवर्धन पूजा कर गौवंश के मवेशियों को यादव समाज के लोगों ने भी गोबर के बने गोवर्धन पर्वत में गायों को उसमें चला कर दोहे के साथ राऊत नाच पर खूब झूमे गाये और उसके बाद यहां गौठान में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गोबर का टीका लगाकर त्यौहार की बधाई दी।

कलाकार रंजीत को किया गया सम्मानित

नर्रा। मातर मड़ाई मेला महोत्सव पर ग्राम रूवाड़ में आयोजित अंचल के सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत रजीत चक्रधारी कृत कका भतीजा सराईपाली (कोमाखान) का कार्यक्रम हुआ। जिसमें नाचा कलाकारों द्वारा स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ साथ हंसी मजाक से भरपूर मंचीय प्रसहन प्रस्तुति देते हुए विभिन्न सामाजिक मुद्दों के साथ शासन-प्रशासन की महत्वकांक्षी योजनाओं को मंच के माध्यम से जागरूक करने सहित एक सुंदर संदेश देने का कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते यह नाचा गम्मत के कलाकारों ने वहां के दर्शकों का मनमोह लिया। इस नाचा गम्मत के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए ग्राम पंचायत रुवाड़ के ग्रामीणजनों द्वारा संस्था के प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी को श्रीफल शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

क्षेत्र में दो दिन किया गया लक्ष्मी पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कार्तिक मास में छः दिनों तक चलने वाले दीपोत्सव का पर्व में अमावस्या तिथि गुरुवार को शुरू हुई। वहीं क्षेत्र के कुछ गांवों में शुक्रवार को भी लक्ष्मी पूजन किया। लक्ष्मी पूजन पर घरों, दुकानों व गली दीपक से जगमगा उठे। घर मंदिरों को झालर लाइट से भी सजाया गया। इस दौरान मां लक्ष्मी, सरस्वती और गणेश की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि एवं वैभव की कामना की गई। वही फटाखे फूल झड़ी जलाकर आतिशबाजी की गई। रात्रि में गांवों के गौरा चौरा पर ईशर-गवरा विराजित की गई।

दीपोत्सव पर्व को लेकर 15 दिन पूर्व घरों व दुकानें की साफ सफाई रंग रोगन का कार्य शुरू हो गई थी। इस प्रकार धनतेरस मंगलवार को मनाया गया। बुधवार को नरक चतुर्दशी मनाई गई। बाजार में लक्ष्मी की फोटो, हार बताशे, लाई, केला, सेब, रंगोली, मोमबत्ती आदि की जमकर खरीददारी हुई। दीप पर्व के पांचवे दिन शनिवार अन्नकूट, गोवर्धन पूजा पर गौवंश द्वारा मवेशी कोठे पर गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर एवं मेमरी सिलयारी व धान की बालिया लगाई गई है।

कथानुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को ब्रजवासियों के गाय ग्वालों को द्वापरयुग में इंद्रदेव के प्रकोप से बचाने के लिए भगवान कृष्ण ने अपने छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सबकी रक्षा की थी, तभी से इस तिथि पर विधि विधानों के साथ गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाती है। स्वर्ग के राजा इंद्र को उनकी गलती का अहसास करवाया था। अन्नकूट पर गौवंशों, बैल गाय बछड़ा आदि को नहलाकर एवं पूजन के पश्चात नए केला पत्ता में खिचड़ी खिलाई गई। इस दिन किसान अपने बैल सजाया गया। वही गले में घंटी घांघरा बांध कर गोवर्धन भाठा यानी गौठान पर ले जाया गया। संध्या को गौठान पर ग्रामवासी व यदुवंसियों द्वारा दोहे के साथ राऊत नाचा का प्रदर्शन किया गया। साहड़ा देव की पूजन अर्चन कर सोहाई बांधी गई। गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर पूजन कर एक दूसरे के माथे पर टीका लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी।

चुनाव में केवल जीत ही लक्ष्य होना चाहिए

- महाराष्ट्र के नांदेड़ में प्रभारी रंजना साहू माइक्रो मैनेजमेंट पर कर रही फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

महाराष्ट्र एवं झारखंड चुनाव के मद्देनजर छत्तीसगढ़ भाजपा के द्वारा विभिन्न विधानसभा में प्रभारी नियुक्त कर भेजा गया है। इसी कड़ी में महाराष्ट्र के नांदेड़ दक्षिण विधानसभा में पार्टी ने पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रंजना साहू को प्रभारी बनाया है।

रंजना साहू लगातार नांदेड़ में बैठकें कर रही हैं। वे क्रमशः मंडलों, शक्तिकेंद्रों और बूथों की बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में काम बांटते हुए चुनावी रणनीति बनाने लगी हुई हैं। माइक्रोमैनेजमेंट पर फ़ोकस करते हुए विभिन्न योजनाओं के तहत दक्षिण विधानसभा जीतने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही हैं। इसी कड़ी में विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों की बैठक लेकर शक्ति केंद्र की बैठकों की रूपरेखा बनाई गई। आने वाले दिनों में सभी शक्ति केंद्रों की बैठक लेकर प्रत्याशी के प्रत्येक मतदाता तक पहुंचने की बात कही। आगे कहा कि चुनाव में केवल जीत ही लक्ष्य होना चाहिए।

सुनील पाल की कॉमेडी और विकल्प मेहता की मिमिक्री का लुत्फ उठाएंगे कुरूदवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुरूद

आज शाम कुरुद शहर में हंसी का तूफान आने वाला है। भाई दूज के पावन पर्व पर, हास्य जगत के दो दिग्गज कलाकार सुनील पाल और विकल्प मेहता कुरुद में एक मनोरंजक शाम का आयोजन करने आ रहे हैं। 3 नवंबर को शाम 7 बजे, अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन में होने वाले इस कार्यक्रम में सभी नगर वासी सुनील पाल के मजेदार जोक्स और विकल्प मेहता की अक्षय कुमार की जबरदस्त मिमिक्री का लुत्फ उठा सकते हैं।

- आज शाम अजय फाउंडेशन का एक और आयोजन

बॉलीवुड और टेलीविजन के जाने माने कलाकार सुनील पाल, जो फिल्मों के साथ साथ ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैंपियन रह चुके हैं साथ ही और 51 से अधिक स्टैंडअप शो कर चुके हैं। अपनी हास्य कला से सबको मंत्रमुग्ध करेंगे। वहीं, विकल्प मेहता, जो अक्षय कुमार की बेहतरीन मिमिक्री के लिए जाने जाते हैं। अक्षय कुमार के अंदाज भरी अपनी अदाकारी से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। यह कार्यक्रम कुरुदवासियों के लिए एक अनूठा अवसर है, जब वे अपने शहर में ही इन दो प्रतिभाशाली कलाकारों को एक साथ देख सकेंगे।

संरक्षक अजय चंद्राकर विधायक कुरुद के आतिथ्य में अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह शाम निश्चित रूप से यादगार साबित होगी। जिसमें अपने परिवार और दोस्तों के साथ आएं और इस हास्य से भरपूर शाम का आनंद लें। कार्यक्रम की तैयारियों में अजय फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक बैस, सचिव इमरान बेग, कोषाध्यक्ष मलय चंद्राकर,लक्ष्मीकांत साहू, प्रसन्न नायडू, शुभम बैस, खेमराज सिन्हा, पावस चंद्राकर, सुशासन आमदे आदि जुटे हुए हैं।

सेंचुरी पार्क की उत्साही युवा मंच ने बदली सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

नगर स्थित सेन्चुरी पार्क अब वापस अपने वीरान दिनों से मुक्त होने लगा है। इसके लिए उत्साही युवा मंच ने जागरूकता अभियान स्वच्छता एक मुहिम की शुरुआत की है। 15 से 18 युवकों ने चार दिन तक लगातार दो घण्टे श्रमदान किया। मंदिर के समीप के पेवर ब्लॉक वाले एरिया में रंगरोगन किया। इससे उसकी सुंदरता में चार चांद लग गया।

युवा भूपेंद्र ने कहा कि घर में तो हर कोई अपना काम समझकर कर ही लेता है वैसा ही अब इस ऐतिहासिक पार्क को भी सजाने संवारने में नगर के हर उम्र के लोगों को आगे आना चाहिए। विराज ने बताया कि दिवाली के कारण आज से 3 अक्टूबर तक उनकी मुहिम बंद रहेगी। 4 अक्टूबर से फिर निरन्तर जारी रहेगी। प्रियांशी ने कहा कि शहर में कई हुनरमंद युवक -युवती हैं। उन्हें बैठने की बजाय हमारे साथ हाथ बढ़ाने की आवश्यकता है।

नगर पंचायत नगरी में ई रिक्शा व टिप्पर का किया गया शुभारंभ

नगरी। स्वच्छता अभियान के तहत नगर पंचायत नगरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अनुशंसा पर नगर पंचायत नगरी को 08 नई ई रिक्शा, 3 टिप्पर की सौगात मिली है। जिनका धनतेरस के अवसर पर पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस मौके पर आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, अजय नाहटा उपाध्यक्ष, नागेन्द्र शुक्ला पूर्व अध्यक्ष, सुनील निर्मलकर सभापति, भुपेंद्र साहू, प्रफुल्ल अमतिया, सोहन चतुर्वेदी, अश्वनी निषाद, जितेन्द्र ध्रुव, बिरेंद्र निर्मलकर, सोनू सैनी, राजेन्द्र, नीलकंठ सहित नगर पंचायत नगरी के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

अपने आसपास सफाई रखने की आवश्यकता है : डॉ. वर्मा

स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया, ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

कृषि विज्ञान केन्द्र, धमतरी द्वारा डॉ. ईश्वर सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के दिनांक 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस तारतम्य में डॉ. ईश्वर सिंह ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और आस-पास स्वच्छ रखने का आह्वान भी किया।

कृषि विज्ञान केन्द्र, धमतरी
स्वच्छता ही सेवा
"स्वभाव स्वच्छता · संस्कार स्वच्छता"
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

वैज्ञानिक डॉ. शक्ति वर्मा ने स्वच्छता के विषय में जागरुक करते हुये कहा कि अपने आस–पास सफाई रखने की आवश्यकता है तथा पानी का समुचित उपयोग करने की सलाह दी। वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने बताया कि यह स्वच्छता अभियान अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां किया जा रहा है, जिसमें स्वच्छता हेतु शपथ, गांव में गंदे एवं कचरे के ढेर जमा होने वाले स्थानों की सफाई, बाजारों की आस-पास सफाई, मंदिरों की आस-पास की सफाई, पिकनिक स्थल के आस-पास सफाई, कालोनी, विभिन्न गांवों ग्राम पंचायत, विद्यालयों, महाविद्यालयों, सरकारी कार्यालयों के साथ मिलकर आस पास सफाई कर स्वच्छता का संदेश देना, कार्यालयों में जंग समानों की सफाई, पेंटिंग करना, ग्रामीण जल निकायों सड़कों, रेलवे स्टेशनों, कूड़े के ढेर आदि की सफाई अभियान के अंतर्गत किया गया। श्रमदान के माध्यम से उसकी सफाई करना तथा उक्त स्थानों को बदला जाने की प्रेरणा देना, टुटे फूटे फर्नीचर अनुपयोगी उपकरण की मरम्मत करना अथवा नियमानुसार अपलेखन कर कार्यालय परिसर से हटाया जाना आदि कार्य शामिल है। डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी ने कृषकों को स्वच्छता का शपथ दिलाते हुये पर्यावरण प्रदूषण, मृदा स्वस्थ, तथा रासायनिक का अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411